रविवार

31 दिसंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



पुलिस ने खोज निकाले 21 लोगों के चोरी व गुम मोबाइल

2



### प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभा को किया संबोधित, देश की जनता से की अपील

# 22 जनवरी को घर-घर जलाएं रामज्योति, जगमग हो भारत

- पीएम मोदी बोले- विकसित भारत के निर्माण को अयोध्या नगरी से मिल रही नई ऊर्जा
- विकास और विरासत की साझा ताकत भारत को 21वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगी
- सीएम योगी आदित्यनाथ व दोनों डिप्टी सीएम ने प्रधानमंत्री को भेंट की बाल रामलला की मूर्ति

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**



मोदी की गारंटी में इतनी ताकत इसलिए है क्योंकि मोदी जो कहता है, उसे पूरा करने के लिए अपना जीवन खपा देता है। दिन और रात एक कर देता है। अयोध्या नगरी इस बात की साक्षी है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास जनसभा स्थल से अपने संबोधन में कही। प्रधानमंत्री मोदी एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने 15700 करोड़ की 46 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने अयोध्या धाम जंक्शन और महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का लोकार्पण करने के साथ ही 6 वंदे भारत और 2 अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम ने प्रधानमंत्री को बाल रामलला की मूर्ति भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने अयोध्यावासियों को भरोसा दिलाया कि इस पवित्र धाम के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। ऐसे में अयोध्या वासियों में ये उत्साह उमंग बहुत स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे भारत की मिट्टी के कण कण और भारत के जन जन के पुजारी हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी अपकी तरह उतना ही उत्सुक हूं।

## विकसित बनने के लिए अपनी विरासत को संभालना होगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी देश हो अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना होगा। हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है। हमें सही मार्ग दिखाती है। आज का भारत पुरातन और नूतन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। भारत अपने तीर्थों को संवार रहा है तो वहीं डिजिटल टेक्नोलॉजी में भारत छाया हुआ है। काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्निर्माण के साथ ही 30 हजार से ज्यादा पंचायत भवन भी बना रहा है। सिर्फ केदारधाम का पुनरोद्धार ही नहीं 300 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज भी देश में बने हैं। सिर्फ महाकाल के लोक का ही निर्माण नहीं हो रहा, बल्कि स्वच्छ पेयजल के लिए दो लाख से ज्यादा टंकियों का भी निर्माण हुआ। हम एक तरफ चांद और सूरज की दूरी नाप रहे हैं, तो वहीं हमारी पौराणिक मूर्तियों को भारत में वापस ला रहे हैं।

## अनंत काल तक रहेगा अयोध्या में श्रीराम मंदिर

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में विकास की भव्यता दिख रही है, कुछ दिन बाद विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। उन्होंने कहा कि विकास और विरासत की साझा ताकत ही भारत को 21वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी का ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हमारे जीवन में आने वाला है। पीएम मोदी ने प्रभु श्रीराम की नगरी से 140 करोड़ देशवासियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि 22 जनवरी को अयोध्या आने का प्रयास ना करें, इसकी जगह जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम विराजमान हों, तो सभी लोग दीपावली मनाएं और अपने अपने घरों में श्रीरामज्योति जलाएं। 22 की शाम पूरा हिन्दुस्तान जगमग होना चाहिए। उन्होंने अपील की कि जब हमने साढ़े पांच सौ साल इंतजार किया है तो कुछ दिन और इंतजार करना होगा। सुरक्षा और व्यवस्था के लिहाज से अयोध्या आने में जल्दबाजी ना दिखाएं क्यों कि अब यहां श्रीराम का मंदिर अनंतकाल तक रहेगा।

## 14 से 22 जनवरी तक मंदिरों में चले स्वच्छता अभियान

प्रधानमंत्री ने आग्रह किया कि आपको देश और दुनिया के अनगिनत अतिथियों के स्वागत लिए तैयार होना होगा। अब यहां अनंत काल तक लाखों की संख्या में लोग आते रहेंगे। ऐसे में अयोध्यावासियों को संकल्प लेना होगा कि अयोध्या नगर को भारत का सबसे स्वच्छ शहर बनाएंगे। वहीं प्रधानमंत्री ने देश के सभी तीर्थस्थलों और सभी छोटे बड़े मंदिरों से आग्रह किया कि 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि प्रभु राम पूरे देश के हैं, वो जब आ रहे हैं तो हमारे एक भी मंदिर और तीर्थस्थल के आस पास गंदगी नहीं होनी चाहिए।

## जिन्हें निमंत्रण मिला बस वही लोग आएं अयोध्या

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह 22 जनवरी को अयोध्या न आएं। आपने 550 साल से अधिक समय तक इंतजार किया है कुछ और समय इंतजार करें। उन्होंने कहा, हर किसी की इच्छा है कि 22 जनवरी के आयोजन का हिस्सा बनने के लिए वे स्वयं अयोध्या आए, लेकिन हर किसी का आना संभव नहीं है। इसलिए सभी रामभक्तों से मेरा आग्रह है कि 22 जनवरी को एक बार विधिपूर्वक कार्यक्रम हो जाने के बाद, अपनी सुविधा के अनुसार वे अयोध्या आएं और 22 जनवरी को यहां आने का मन न बनाएं। पीएम मोदी ने कहा,यहां भीड़ मत लगाइए, क्योंकि मंदिर कहीं नहीं जा रहा है। यह सदियों तक रहेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि समारोह में कुछ ही लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसलिए जिन लोगों को निमंत्रण दिया गया है, बस वही अयोध्या आएं। 23 तारीख के बाद यात्रा करना आसान हो जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीके सिंह, यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जितिन प्रसाद, दयाशंकर सिंह, जयवीर सिंह व अन्य मौजूद थे।

## पीएम मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया नव्य अयोध्या धाम

- हरी झंडी दिखाकर नई ट्रेनों को किया रवाना, कोच में बच्चों से भी किया संवाद
- रेलवे स्टेशन पर गूंजता रहा जय श्रीराम का जयघोष

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**



अयोध्या के इतिहास में 30 दिसंबर 2023 की तिथि स्वर्णाक्षरों में लिख दी गई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली, अमृतसर-नई दिल्ली, कोयम्बटूर-बेंगलुरु, मंगलूरु-मडगांव, जालना-मुंबई एवं अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल के बीच 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, अयोध्या-दरभंगा एवं मालदा टाउन-बेंगलुरु के बीच 2 अमृत भारत ट्रेन की सौगात दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रेन के कोच में जाकर बच्चों से संवाद भी किया। बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। किसी ने पीएम मोदी को कविताएं सुनाईं तो किसी ने अपने संस्मरण भी बताए। पीएम ने हाथ हिलाकर बच्चों, कर्मचारियों का अभिवादन भी किया। पीएम ने भी बच्चों से हालचाल जाना।

**स्टेशन की सुविधाओं व बारीकियों से अवगत हुए मोदी:** पीएम मोदी ने स्टेशन की सुविधाओं को भी देखा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे स्टेशन के बारे में जानकारी दी। यहां क्या-क्या सुविधाएं होंगी, इसे थ्रीडी मिनिएचर मॉडल के जरिए जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने जब ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई तो ट्रेन के अंदर बैठे बच्चे व यात्री जन भी जयश्रीराम, जय-जय सियाराम का उद्घोष करने लगे।

## अयोध्या की सड़कों पर मोदी का हुआ अभूतपूर्व स्वागत

कड़ाके की ठंड भी अयोध्यावासियों का हौसला न डिगा सकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीदार को समूची अयोध्या उमड़ पड़ी। रामनगरी में अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत नरेंद्र मोदी ने भी शीश झुकाकर लोगों का अभिवादन किया। आलम यह रहा कि रामनगरी ने गुलाब की पंखुड़ियों संग उनका स्वागत किया और मोदी-मोदी की गूंज से अयोध्या को गुंजायमान कर दिया। रास्तों में लगे फूलों की खुशबू में भी आज अलग ही महक थी, क्योंकि अयोध्या के पुनर्विकास के नायक खुद यहां मौजूद रहे।

## अयोध्या में मीरा के घर अचानक चाय पीने पहुंचे पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी की छवि ऐसे जनप्रिय नेता की है, जो सीधे जनता से संवाद करते हैं। इस बात की झलक शनिवार को अयोध्या में भी देखने को मिली, जब वे पीएम उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी के घर अचानक पहुंच गए। पीएम ने योजना की लाभार्थी के आवास पर चाय भी पी और उनसे संक्षिप्त बातचीत की। पीएम का यह कार्यक्रम पहले से निर्धारित नहीं था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मीरा के घर अचानक पहुंचने पर पूरी बस्ती के लोग हैरान रह गए। पीएम के पहुंचने पर पूरा क्षेत्र मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। इस दौरान पीएम मोदी ने मीरा के हाथों की बनी चाय पी और कहा कि चाय अच्छी है, मगर थोड़ी मीठी हो गई है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने परिवार व पूरी बस्ती के बारे में हाल-चाल जाना।

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाभार्थी मीरा के परिवारवालों से भी मिले। इस दौरान पीएम मोदी ने योजना के लाभ के बारे में जानकारी ली। इस पर मीरा ने पीएम मोदी से कहा कि मुझे फ्री में गैस और आवास मिल गया है। वह बोलीं, पहले मेरा कच्चा घर था पर अब



पक्का हो चुका है। उन्होंने कहा कि आपके घर आने से बहुत खुशी हुई है। इस दौरान मीरा के परिवार से पीएम मोदी ने लगभग 10-15 तक बात की।मीरा ने कहा कि मुझे आज बहुत खुशी हो रही है। इस मौके पर पीएम मोदी ने एक बच्चे को ऑटोग्राफ भी दिया। इसमें उन्होंने वंदे मातरम लिखा और स्थानीय बच्चों संग सेल्फी भी खिंचवाई।

## दबंगई...थप्पड़ मारकर बोले विधायक गोपाल मंडल हम डीएम से ऊपर हैं

**केटी न्यूज/पटना**

भागलपुर में शनिवार सुबह जदयू विधायक गोपाल मंडल ने बीच सड़क एक शख्स को थप्पड़ जड़ दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हुई थी। परिवार मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहा था। विधायक समझाने पहुंचे थे। लोग माने नहीं तो उन्होंने मृतक के जीजा को ही थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद गोपाल मंडल ने सफाई देते हुए कहा कि हमने अपने समर्थक को थप्पड़ मारा है। वो लोग हमारी बात नहीं मान रहे थे। कलेक्टर को बुलाने का बोल रहे थे। हमने कहा हम कलेक्टर से ऊपर हैं। हम सरकार से हैं।


भागलपुर के औद्योगिक थाना के जीरोमाइल चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार एक बुजुर्ग को रौंद दिया। आक्रोशित लोगों ने ट्रक और ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। गुस्साए लोग ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। लोगों ने टायर जलाकर जमकर हंगामा किया। परिवार मुआवजे की मांग कर रहा था। लोग मुआवजा मिलने पर ही शव हटाने पर अड़ गए। लोगों को समझाने के लिए मौके पर जेडीयू विधायक गोपाल मंडल पहुंचे। उनके समझाने के बाद भी लोग नहीं मान रहे थे। इसी बीच विधायक ने मृतक के जीजा को ही थप्पड़ मार दिया।

## विधायक फतेह बहादुर का मां सरस्वती पर विवादित बयान कहा... पूजा चरित्रवान की होनी चाहिए चरित्रहीन की नहीं

**केटी न्यूज/पटना**

खुद को महिसासुर का वंसज बताकर मां दुर्गा के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले डेहरी से आरजेडी विधायक फतेह बहादुर सिंह ने अब विद्या की देवी मां सरस्वती को लेकर विवादित बयान दिया है। औरंगाबाद में दाउदनगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आरजेडी विधायक ने कहा कि पूजा चरित्रवान की होनी चाहिए चरित्रहीनों की नहीं। उन्होंने कहा कि मां सरस्वती को ब्रह्मा की बेटी बताया गया है लेकिन ब्रह्मा ने उनसे ही शादी कर ली। आरजेडी के मंत्री और विधायक लगातार हिंदू देवी देवताओं के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे हैं। डेहरी से आरजेडी विधायक फतेह बहादुर सिंह ने पिछले दिनों मां दुर्गा के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे। अब उन्होंने मां सरस्वती को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। दाउदनगर में सिंचाई विभाग के आईबी में मीडिया से बातचीत के दौरान आरजेडी विधायक ने कहा कि सरस्वती को ब्राह्मण ग्रंथों में ब्रह्मा की बेटी बताया गया है और फिर ब्रह्मा ने उसी से शादी की।

विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि पूजा चरित्रवान की होनी चाहिए चरित्रहीनों की नहीं। स्कूलों में सरस्वती की जगह सावित्रीबाई फुले की तस्वीर लगनी चाहिए और उनकी पूजा होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले थी। ऐसे में उनकी जयंती मनाई जानी चाहिए। महिला दिवस उनके नाम पर होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सम्राट चौधरी को लेकर कहा कि सम्राट ने ब्राह्मणों की अधीनता स्वीकार कर ली है। सम्राट चौधरी कहते हैं कि तीन प्रतिशत ब्राह्मण श्रेष्ठ हैं, थे और रहेंगे तो क्या उनके मुताबिक बाकी 97 प्रतिशत लोग शुद्र ही हैं। बता दें कि आरजेडी विधायक आगामी 7 जनवरी को डेहरी में सावित्रीबाई फुले की जयंती मना रहे हैं, इसके लिए वे लोगों को आमंत्रित करने औरंगाबाद पहुंचे थे।




### नीतीश कुमार के जदयू की कमान एक बार फिर संभालने के बाद बिहार की सियासत गर्मायी

# मांझी बोले... कभी भी पलटी मार सकते हैं नीतीश कुमार

**केटी न्यूज/पटना**

जेडीयू के अध्यक्ष पद से इस्तीफे के बाद बिहार की सियासत में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि एनडीए से जेडीयू को अलग करने में ललन सिंह की बड़ी भूमिका थी। अब जब ललन सिंह जेडीयू के अध्यक्ष नहीं हैं और नीतीश कुमार ने जेडीयू की कमान अपने हाथ में ले ली है तो इस बात की संभावना जताई जा रही है कि नीतीश एक बार फिर बीजेपी के साथ जा सकते हैं। सियासी कयासों के बीच पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने बड़ी बात कह दी है।

नीतीश के एनडीए में वापसी के सवाल पर जीतन राम मांझी ने कहा है कि नीतीश कुमार फिर कभी भी पलटी मार सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक संभावना का खेल होता है और कुछ भी हो सकता है। अगर भाजपा के लोग डिसाइड करते हैं कि नीतीश कुमार एनडीए में रहेंगे तो हम नीतीश कुमार का विरोध नहीं करेंगे। राजनीति, वार और लव में सब चलता है। हम नीतीश कुमार के साथ थे, एनडीए के साथ थे उसे वक्त नीतीश कुमार पार्टी पलटी मार लिए। उसी वक्त हमने कसम ले लिया था कि नीतीश कुमार को नहीं छोड़ेंगे, इसलिए उनके साथ थे। मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार कहते थे अपनी पार्टी को जदयू में मर्ज करवा दीजिए लेकिन हमारे किसी भी साथियों का इरादा नही था कि हम लोग मर्ज करें। धन्यवाद देते हैं एनडीए के नेताओं, पीएम मोदी को और अमित शाह को जिन्होंने तुरंत ही संवाद किया और कहा कि आप हमारे गठबंधन में आ जाइए और हम एनडीए में चले गए। कहा कि हमलोग मान और मर्यादा के लोभी रहे हैं और जिस प्रकार एनडीए में हमें मान और मर्यादा दिया जाता है तो हम लोग नरेंद्र मोदी को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार की वापसी अगर एनडीए में होती है तो उनका स्वागत करेंगे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पटना पहुंचे नीतीश, जोरदार स्वागत



**पटना।** राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पटना पहुंचे। शाम वे पटना एयरपोर्ट पर पहुंचे। जहां कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पटना एयरपोर्ट पर जेडीयू नेताओं के साथ-साथ कार्यकर्ता भी भारी संख्या में मौजूद रहे। किसी के हाथ में गुलदस्ता तो किसी के हाथ में माला और कोई जेडीयू का झंडा लेकर पटना एयपोर्ट पहुंचे थे। ढोल नगाड़ों के साथ लोग अपने नेता के स्वागत के लिए पहुंचे थे। नीतीश के साथ पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह भी पटना पहुंचे। जैसे ही पता चला की नीतीश कुमार पटना पहुंच गये हैं कार्यकर्ता उनकी एक झलक पाने के लिए बेचैन दिखे। जेडीयू कार्यकताओं ने इस दौरान नीतीश से समर्थन में जमकर नारेबाजी की। नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे से पूरा इलाका गूंज उठा। कार्यकर्ता चाहते हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार को पीएम फेस बनाया जाए।

कार्यकताओं ने कहा कि ललन सिंह ने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है नीतीश कुमार को फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे कार्यकताओं में नई ऊर्जा जगी है कि हमारे नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को आगे बढ़ाएंगे।

# ऑपरेशन मुस्कान: पुलिस ने खोज निकाले 21 लोगों के चोरी व गुम मोबाइल

- पुलिस ऑफिस में एसपी द्वारा धारकों को सौंपे गये मोबाइल एवं बाइक
- साल के अंतिम दिन लोगों को तोहफा मोबाइल व बाइक मिलने से गदगद लोगों ने पुलिस को दिया धन्यवाद
- 2023 में अबतक 175 लोगों के गुम या चोरी गये मोबाइल पुलिस की ओर से की गयी बरामद



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस की ओर से ऑपरेशन मुस्कान के तहत साल के आखिरी दिन चोरी और गायब मोबाइल बरामद कर 21 लोगों को तोहफा दिया गया है। शनिवार की दोपहर पुलिस ऑफिस में एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा धारकों को मोबाइल सौंप दिया गया। मौके पर एक शख्स को उनकी बाइक भी सौंपी गयी। इस साल अबतक 175 लोगों के गुम मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं। इधर, काफी दिनों से गायब मोबाइल और बाइक मिलने से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आयी। मोबाइल और बाइक मिलने से गदगद लोगों की ओर से एसपी समेत तमाम पुलिस कर्मियों को धन्यवाद दिया गया।

इस मौके पर मोबाइल धारकों ने कहा कि पुलिस का यह अभियान काफी अच्छा है। एक युवक का कहना था कि बहुत शौक से मोबाइल लिया था। चोरी होने से काफी परेशान हो गया था। उसने तो मोबाइल की उम्मीद ही छोड़ दी थी। शनिवार को पुलिस द्वारा मोबाइल देने के लिए बुलाया गया, तो उसे विश्वास ही नहीं हो रहा था।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत भोजपुर पुलिस द्वारा अबतक करीब साढ़े छह सौ से अधिक मोबाइल की बरामदगी की जा चुकी है। एसपी ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आए दिन मोबाइल की चोरी, गुम होने, लूट और छिनतई की घटनाएं हो रही हैं। अपराधियों द्वारा ऐसे मोबाइल का इस्तेमाल भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में किया जा रहा है। ऐसे में ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष टीम का गठित कर चोरी व गुम मोबाइल की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विशेष टीम द्वारा सर्विलांस के जरिए तकनीकी मदद एवं संबंधित थाना के सहयोग से मोबाइल की बरामदगी की जाती है। उसी कड़ी में इस बार टीम द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र से चोरी और गुम 21 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए। उसके बाद असली धारकों को उनके मोबाइल सौंप दिया गया। यह अभियान लगातार चलता रहेगा। उन्होंने आम लोगों से मोबाइल चोरी या गुम होने पर तत्काल स्थानीय थानों में रिपोर्ट दर्ज कराने की अपील की है। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के दौरान चोरी गयी कुछ बाइक भी बरामद की गयी है। दो चार दिनों में ऑनर्स को उनकी बाइक सौंप दी जाएगी।गौरतलब हो कि 15 अगस्त 2021 को तत्कालीन एसपी की ओर से इस अभियान की शुरूआत की गयी थी। उसके बाद से फेजवाइज मोबाइल की बरामदगी की जा रही है।

# रिटायर सूबेदार के बेटे ने शादी के एक साल बाद कर ली खुदकुशी



- टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित आईटीआई इंस्टिट्यूट के समीप की घटना
- मां पूजा और पिता कर रहे थे नाश्ता, दरवाजा बंद कर रस्सी के सहारे पंखे से लटका बेटा

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित आईटीआई इंस्टीट्यूट के समीप पंखे से लटक कर एक रिटायर सूबेदार के इकलौते बेटे खुदकुशी कर ली। उसने अपने कमरे में पंखे से लटक कर जान दे दी। उसे तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक मूल रूप बड़हरा के सिन्हा ओपी क्षेत्र के जोकहरी गांव निवासी विजय ठाकुर का 28 वर्षीय पुत्र अमित कुमार था। वह प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करता था। हालांकि खुदकुशी के कारणों का फिलहाल पता नहीं सका है।

रिटायर सूबेदार विजय ठाकुर ने बताया कि शनिवार की सुबह वह अपने कमरे में नाश्ता कर रहे थे और उनकी पत्नी पूजा कर रही थी। इसी बीच उनका पुत्र अपने कमरे में गया और दरवाजा बंद कर पंखे से लटक गया। पूजा के दौरान उनकी पत्नी जब घर में घूम-घूमकर आरती दिखा रही थी। तभी खिड़की से उन्होंने देखा कि अमित पंखे से लटका है। तब उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। पत्नी की आवाज सुनकर वह और घर के सभी सदस्य वहां पहुंचे और दरवाजा तोड़ कर उसे पंखे से नीचे उतारा गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इधर , सूत्रों के अनुसार पत्नी से झगड़े के बाद उसने खुदकुशी की है। बताया जा रहा है कि अमित की शादी एक साल पहले ही हुई थी। अमित अपने माता-पिता का इकलौता और दो बहनों के बीच छोटा भाई था। उसके पिता विजय ठाकुर असम राइफल में सूबेदार थे और एक वर्ष पूर्व रिटायर हुए थे। उसके परिवार में मां बिंदा देवी, पत्नी और दो बहन है। घटना के बाद उसके घर में हाहाकार मच गया है। मौत के बाद मां और पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आरा-मोहनिया हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरिगांव गांव के समीप हादसा

# ट्रक ने बाइक सवार चाचा भतीजी समेत तीन लोगों को कुचला, तीनों की मौत

- आरा से घर लौटने के दौरान बेलगाम ट्रक तीनों को कुचलते निकल गया
- हादसे से आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम, दुकान में तोड़फोड़ व आगजनी
- हादसे के बाद भाग रहे ट्रक को पुलिस ने दुलौर गांव के पास पकड़ा, हालांकि चालक भागने में सफल रहा

**केटी न्यूज/आरा**





भोजपुर में आरा-मोहनियां हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरिगांव के समीप शनिवार की शाम दर्दनाक सड़क हादसे में चाचा-भतीजी समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। तीनों आरा से एक ही बाइक से घर लौट रहे थे, तभी धान लदे एक बेलगाम ट्रक ने तीनों को कुचल दिया। उसमें तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों का शव पूरी तरह क्षत विक्षत हो गया था। उससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा थी। मृतकों में आयर थाना क्षेत्र के इसाढ़ी गांव निवासी भीरु शर्मा के 30 वर्षीय पुत्र मनीष शर्मा, उसी गांव के सहेन्द्र शर्मा की 14 वर्षीय पुत्री आंचल कुमारी और शाहपुर थाना क्षेत्र के प्रवीण शर्मा की 12 वर्षीय पुत्री प्रिया शर्मा शामिल थी। आंचल कुमारी मनीष की भतीजी जबकि प्रिया ममेरी बहन थी। वहीं हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो उठे और सड़क जाम कर दिया। दुकानों में तोड़फोड़ और आगजनी भी की गयी। सूचना मिलने पर जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची और समझा कर लोगों को शांत कराया गया। उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए तीनों शव को आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहीं हादसे के बाद भाग रहे ट्रक को पुलिस ने दुलौर गांव के पास पकड़ लिया। हालांकि चालक भागने में सफल रहा।

## बीमार पिता को अस्पताल पहुंचा ममेरी बहन और भतीजी के साथ घर लौट रहा था मनीष, रास्ते में चली गयी जान

आरा–मोहनियां हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरिगांव गांव के समीप शनिवार की शाम अनियंत्रित ट्रक ने चाचा–भतीजी समेत तीन को कुचल दिया। उसमें तीनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में आयर थाने के इसाढ़ी गांव निवासी भीरू नाथ शर्मा का 30 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार शर्मा, सहेंद्र शर्मा की 14 वर्षीया पुत्री आंचल कुमारी व शाहपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी प्रवीन शर्मा की 12 वर्षीया पुत्री प्रिया कुमारी थी। चचेरे भाई संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि मनीष के पिता भीरु नाथ शर्मा की तबीयत काफी खराब थी। उसे लेकर उन्हें आरा के धरहरा स्थित निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। मनीष कुमार शर्मा अपने पिता को पहुंचाने धरहरा स्थित निजी अस्पताल गया था। शाम में वह अपनी भतीजी आंचल कुमारी और ममेरी बहन प्रिया कुमारी के साथ बाइक से घर जा रहा था। हरिगांव गांव के समीप भीड़ के कारण उसने ब्रेक लिया, तो तीनों बाइक से गिर पड़े। उसी दौरान पीछे से आ रहा अनियंत्रित ट्रक तीनों को कुचलते निकल गया। उससे तीनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया। उसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने हरिगांव बाजार की मुर्गी की एक दुकान और पान की गुमटी में आग लगा दी। वहीं तीन अन्य दुकानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उसे लेकर कुछ देर सड़क भी जाम रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना फौरन घटना स्थल पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम को हटवाया गया।

**साल के आखिरी दिन हादसे से नये साल की खुशी मातम में बदला:** साल के आखिरी दिन भी रफ्तार का कहर टूटा। अबकी बार एक साथ तीन लोगों की जान चली गयी। उसमें तीन घरों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मनीष कुमार शर्मा अपने दो भाइयों और एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां प्रभावती देवी, भाई ओम प्रकाश शर्मा और बहन सीमा देवी है। आंचल कुमारी अपने तीन बहन में दूसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां रानी देवी, बहन वंदना और गोपी है।

# मौसम ने ली करवट, ठंड से लोग बेहाल

**जहानाबाद।** अचानक मौसम ने करवट ले ली है। इससे एक ओर जहां सुबह में कुहांसा रह रहा है, वहीं पूरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हो रहे हैं। अत्यधिक ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा छह जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। लोगों का कहना है कि अचानक ठंड बढ़ने के कारण हम लोगों की कठिनाई हो रही है लेकिन प्रशासन द्वारा अलाव का व्यवस्था किया गया है जिससे हम लोगों को राहत मिल रही है। स्टेशन परिसर अंबेडकर चौक अरवल मोड़ आदि जगह पर अलाव की व्यवस्था की गई है। वहीं अत्यधिक ठंड बढ़ने के कारण नए साल की रौनक भी फीकी पडने की संभावना है।




# ड्यूटी करने बैंक जा रहे गार्ड पर पूर्व के विवाद में चाकूओं से हमला, आंत डैमेज

**केटी न्यूज/आरा**



टाउन थाना क्षेत्र के रमना रोड स्थित अंबेडकर चौक के पास शनिवार की सुबह बदमाशों ने बैंक के एक गार्ड पर चाकू से हमला कर दिया। उसमें उनके पेट में तीन जगहों पर चाकू लगा है, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी गार्ड मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौंटा गांव निवासी 42 वर्षीय शिव कुमार सिंह है। वह शहर में नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में गार्ड हैं और रिटायर फौजी बताये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बैंक के बगल में एक कोचिंग है। एक रोज पूर्व कोचिंग के कुछ लड़के आपस में मारपीट कर रहे थे। उस दौरान लड़के बैंक में आ गए और मारपीट करने लगे। तब उन्होंने लड़कों को डांट कर बैंक से भगा गया था। उस दौरान उनकी उन लड़कों से कहासुनी भी हुई थी। शनिवार की सुबह वह घर से बाइक से ड्यूटी करने केजी रोड स्थित बैंक जा रहे थे। तभी रमना रोड स्थित अंबेडकर चौक के समीप पांच-छह लड़कों द्वारा उनको बाइक रोकने को कहा। उसके बाद उनकी पिटाई की गई। उसी बीच उन पर चाकू से हमला कर दिया गया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उन्होंने लड़कों से मामूली विवाद में बाइक रुकवा कर मारपीट करने और चाकू मारने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इधर, गार्ड का इलाज कर रहे डा. विकास सिंह ने बताया कि उनके पेट में तीन जगह पर चाकू मारा गया था। उस कारण पूरा उनका आंत क्षतिग्रस्त हो गया था। सदर अस्पताल में ऑपरेशन कर क्षतिग्रस्त आंत को रिपेयर कर दिया गया है।

# जहानाबाद में आपसी विवाद में चले ईंट-पत्थर, वृद्ध की मौत

**जहानाबाद।** जहानाबाद के परसबीघा थाना क्षेत्र के लच्छू बीघा गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों में जमकर ईंट पत्थर चले। इसमें दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बगल के पड़ोसी से बालकिशन यादव एवं कमलेश प्रसाद की कहा सुनी होने लगी। कहा सुनी होते-होते दोनों पक्षों में ईंट पत्थर चलने लगे। तभी एक पक्ष द्वारा ईंट पत्थर से हमला कर दिया जिसमें बालकिशन यादव एवं कमलेश प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके परिवार द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने बालकिशन यादव उम्र 65 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।



मृतक का परिवार का कहना है कि बगल का पड़ोसी शराब पीकर आया और गाली गलौज करने लगा जब हम लोगों ने मना किया तो उन लोगों द्वारा ईंट पत्थर से हमला कर दिया। थानाध्यक्ष अक्षवर सिंह ने बताया कि दो पक्षों में इट पत्थर चले हैं जिसमें एक वृद्ध की मौत हो गई है।

## न्यायिक जांच में ठहराए गए कर्तब्यों व दायित्वों में घोर लापरवाही के दोषी

# कस्टोडिएल डेथ केस में नगर थानाध्यक्ष की बढ़ी मुश्किलें

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

दो साल पहले घोसी थाना में पुलिस अभिरक्षा में एक युवक गिरिजेश कुमार की संदेहास्पद मौत के मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष व वर्तमान में नगर थानाध्यक्ष के पद पर तैनात इंस्पेक्टर निखिल कुमार की मुश्किलें बढ़ गई है। न्यायिक जांच के बाद इनके ऊपर बड़ी कार्रवाई का खतरा मंडराने लगा है।

इस मामले के लिए गठित जहानाबाद के एसीजेएम प्रथम सह जांच पदाधिकारी ने जांच में इन्हें इस मामले में कर्तव्यों और दायित्वों में घोर लापरवाही का दोषी ठहराते हुए डीजीपी, डीएम और एसपी से विभागीय व विधिक कार्रवाई की अनुशंसा की है। साथ ही यह भी टिप्पणी की है कि कार्रवाई ऐसी हो कि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो तथा देश में आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो और अन्य पुलिस पदाधिकारियों के बीच भी इस प्रकार की कर्तव्यहीनता न किये जाने का संदेश जाए और साथ ही साथ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 और माननीय सुप्रीम कोर्ट व माननीय पटना हाई कोर्ट के निर्देशों का अनुपालन हो सके। जांच के बाद अब इंस्पेक्टर निखिल कुमार पर कार्रवाई की तलवार लटकी है। यह रिपोर्ट उनकी प्रोन्नति के मंसूबे पर भी पानी फेर सकती है। दरअसल यह मामला दो वर्ष पूर्व दिनांक 05.08.2021को घोसी थाने में लखावर गांव के एक युवक गिरिजेश कुमार की पुलिस अभिरक्षा में हुई संदेहास्पद मौत से जुड़ी है। इस घटना के वक्त वर्तमान नगर थानाध्यक्ष निखिल कुमार घोसी थाना के थानाध्यक्ष थे।



इस मामले को लेकर तब काफी बवाल हुआ था। यह मामला मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया था। लोगों का गुस्सा शांत होने के बाद इस मामले में घोसी थाने में एक यूडी केस दर्ज हुई थी। बाद में जहानाबाद डीएम और मुख्य न्यायिक दंधिकारी के निर्देश के आलोक में इसकी न्यायिक जांच शुरू हुई। जांच की जिम्मेदारी स्थानीय व्यवहार न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम को सौंपी गई। इस दौरान निखिल कुमार समेत 19 साक्षियों का परीक्षण किया गया। सभी साक्षियों के परीक्षण और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर जांच पदाधिकारी ने युवक की संदेहास्पद मौत के लिए तत्कालीन थानाध्यक्ष को उनके कर्तव्यों और दायित्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही का दोषी माना एवं यह भी माना कि तत्कालीन घोसी थानाध्यक्ष उक्त युवक को सुरक्षा प्रदान करने में विफल प्रतीत हुए और न्यायालय में उपस्थित होकर भी तथ्यों के बारे में सही बयान नहीं दिया। ज्ञात हो कि वर्तमान नगर थानाध्यक्ष निखिल कुमार का विवादों और कार्य में लापरवाही को लेकर चोली-दामन का संबंध रहा है।

www.jaipuriaschooldumraon.in



# नये साल का गर्मजोशी से स्वागत की तैयारियां शुरू, पिकनिक स्पॉटों पर बढ़ेगी रौनक

**अमरनाथ केशरी/डुमरांव**

नये साल के आगमन में अब महज कुछ ही घंटें शेष है। इसे सेलिब्रेट करने को लेकर युवाओं की टोली अपने-अपने तरीके से तैयारी करने में जुट गयी है। शहरवासी न्यू ईयर का स्वागत नये अंदाज व बेहतर तरीके से करने का प्लान बनाया है। युवाओं की टोली पिकनिक स्पॉटों पर सेलिब्रेट करेगी। पिकनिक स्पॉट के रूप में चर्चित मंदिरों की कमिटियां विशेष रणनीति बनायी है। वहीं दूसरी और न्यू ईयर नजदीक आने से पिकनिक स्पॉटों पर भी रौनक बढ़ गयी है। उसकी साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य अंतिम दौर में है।



हालांकि मौसम की बेरुखी को लेकर हर तबके के लोग चिंतित है। बच्चे और युवाओं में न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर उत्साह है। 31 दिसंबर की देर शाम से ही युवाओं की टोली शहर के होटल और रेस्टोरेंट में जुटनी शुरू हो जायेगी तथा रात के 12 बजे बजते ही केक काटकर हैप्पी न्यू ईयर सेलिब्रेट करेंगे। होटल व रेस्टोरेंट के संचालक भी इसकी तैयारी शुरू कर दी है। संचालकों ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष छूट का उपहार भी दिया है। न्यू ईयर की तैयारी में जुटे युवा रवि कुमार, महेश कुमार, अनूप वर्मा, वंदना कुमारी, शालिनी कुमारी ने बताया कि पिकनिक स्पॉट पर अच्छे व्यंजनों का लुफ्त लिया जायेगा, जिसको लेकर खरीदारी शुरू कर दी गयी है। पुराने साल को अलविदा कह नये साल के आगमन पर केक काटने की तैयारी की गयी है। इसके लिए दुकानों पर केक बनाने का आर्डर दिया गया है। इसके साथ ही अपने दोस्त व रिश्तेदारों को व्हाट्सएप और मोबाइल से कॉल कर नये साल की बधाई देंगे।

**प्राकृतिक फिजाओं से लबरेज है जंगली धामः** नव वर्ष में बाबा जंगलीनाथ मंदिर की प्राकृतिक फिजायें पिकनिक स्पॉट के रूप में शहरवासियों की पहली पसंद है। अधिकांश लोग यहां पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते है। प्राकृत की गोद मे बसा यह मंदिर और यहां का तालाब दर्शनार्थियों को मंत्रमुग्ध करता है। न्यू ईयर की सुबह से लोग मनोकामना जंगलीनाथ महादेव के चौखट पर पूजा-अर्चना कर सुख व समृद्धि की कामना करते है। मंदिर समिति के वरीय सदस्य डॉ सुभाष चंद्रशेखर बताते है कि यहां शहर के अलावे आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचते है। मंदिर कमिटी द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया जाता है।

**मां काली मंदिर परिसर में लगती है भीड़ः** कांव नदी के छोर और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बसा लोक आस्था का मंदिर मां काली मंदिर में न्यू ईयर पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालु मां के दरबार में माथा टेंक अपने सुनहरे भविष्य की मन्नत मांगते है। एक तरफ बहती कांव नदी तो दूसरे तरफ हरे-भरे जंगलों के मनोरम छटा के बीच शहरवासी अलग-अलग टोली में बैठकर लजीज पकवानों का लुफ्त उठाते हुए पिकनिक मनाते है। कमिटी के सदस्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क रहते है और हर जगहों पर अपनी निगरानी करते है।

**मां डुमरेजनी के दरबार में मन्नत मांगते है शहरवासीः** शहर के दक्षिणी छोर पर बसा मां डुमरेजनी का दरबार प्राकृतिक छटा के बीच लबरेज है। नये साल पर शहरवासी मां के चौखट पर माथा टेक पूरे साल सुखमय जीवन की मन्नते मांगते है। वैसे तो माता के दरबार मे वर्ष भर भक्तों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन नूतन वर्ष पर शहर के युवाओं की टोली मंदिर के आसपास प्राकृतिक छटा के बीच मन-पसंद व्यंजनों का स्वाद चख कर न्यू ईयर सेलिब्रेट करते है। मंदिर के आसपास सुरक्षा और सफाई की व्यवस्था की जाती है। वहां मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं को कई तरह की सुविधाएं मुहैया करायी जाती है।

## खबरें फटाफट

### दुघर्टना में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**नावानगर।** बीते दिनों सोनवर्षा में हुई सड़क दुघर्टना में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक भोजपुर जिला के लोहई गांव निवासी विक्रमा सिंह बताया जाता है। इधर मृतक के पुत्र धनु कुमार ने शनिवार को सोनवर्षा ओपी में अज्ञात वाहन चालक पर एफआईआर दर्ज कराया है। बता दें कि बीते दिनों सोनवर्षा में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया था। जिससे बाइक सवार गंभीर रुप से जख्मी हो गया था। जख्मी का इलाज बनारस ट्रामा सेंटर में चल रहा था। इलाज के दौरान शुक्रवार की देर शाम उसकी मौत हो गई।

### शराब के साथ धंधेबाज सहित तीन गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज सहित दो शराबियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। एकौनी गांव में छापेमारी कर छिपाकर रखे गये हरे रंग के गैलन में 12 लीटर देसी शराब बरामद किया है। इस मामले में पुलिस की टीम ने धंधेबाज एकौनी निवासी रामजग पासवान के पुत्र चंद्रमा पासवान को गिरफ्तार कर कागजी कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया। वहीं शहर के शहीद मर्द रोड में शराब पीकर हंगामा तथा राहगीरों के साथ गाली-गलौज करते हुए उसी मोहल्ले के गोविंद प्रजापति और गौतम प्रजापति को हिरासत में लिया है।

## भटवलिया गांव का रहने वाला अभिषेक यादव उर्फ जीतू आखिरकार पकड़ाया

# बक्सर जिले का टॉप 10 अपराधी बेंगलुरु से गिरफ्तार, लूट, चोरी के 11 मामले हैं दर्ज



**केटी न्यूज/बक्सर**

पिछले दो साल से बक्सर पुलिस को खासा परेशान करने वाला जिला का टॉप टेन अपराधी अभिषेक यादव उर्फ जीतू को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। वह मूलरूप से औद्योगिक थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी तकनीकी माध्यमों से बैंगलूरू से की गई है। शनिवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इस संबंध में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि जीतू पर बक्सर जिले क विभिन्न थानों में लूट, चोरी तथा आर्म्स ऐक्ट के कुल 11 संगीन मामले दर्ज थे। उसकी लंबे समय से तलाश की जा रही है। हाल ही में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 333/23 में पुलिस को उसकी सरगर्मी से तलाश थी। जबकि वह यहां अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद पुलिस से बचने के लिए बेंगलूरू में छिपकर रह रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही एक टीम गठित कर उसे गिरफ्तार करने के लिए भेजा गया। टीम का नेतृत्व बक्सर सदर डीएसपी धीरज कुमार कर रहे थे। टीम में मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार, डीआईयू प्रभारी युसुफ अंसारी, डीआईयू में तैनात दारोगा शुभम राज, मुफस्सिल थाना के एएसआई चंदन कुमार व सोनू पासवान के अलावे डीआईयू व मुफस्सिल थाने के जवानों को शामिल किया गया था। इसी टीम ने मुखबीरों तथा तकनीकी आधार पर जीतू के बैंगलूरू में होने की जानकारी इकट्ठा की तथा उसे गिरफ्तार कर बक्सर लाई।

एसपी ने बताया कि जीतू पर मुफस्सिल थाने में पांच, कोरानसराय में तीन, नया भोजपुर ओपी थाने में दो तथा सिकरौल थाने में एक समेत कुल 11 मामले दर्ज है। इन मामलों में लूट, चोरी तथा आर्म्स ऐक्ट के आरोप लगे है। एसपी की मानें तो उसकी गिरफ्तारी नयें साल के पहले बक्सर पुलिस के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। बता दें कि इसी सप्ताह कुख्यात लूटेरा मदन सोनार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# ब्रह्मपुर में विदेशी शराब व देसी बंदूक के साथ चार शातिर गिरफ्तार, जेल

## डुमरांव डीएसपी के नेतृत्व में गुप्त सूचना पर हुई थी छापेमारी

- गुप्त सूचना पर ललनजी के डेरा गांव में चिन्हित स्थल पर छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस ने की गिरफ्तारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार की रात डुमरांव डीएसपी के नेतृत्व में ब्रह्मपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के ललनजी के डेरा गांव में छापेमारी कर एक घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब, एकनाली बंदूक तथा एक कारतूस के साथ चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनमें दो पहले भी शराब तस्करी मामले में जेल जा चुके है। शनिवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि डुमरांव डीएसपी ने ब्रह्मपुर पुलिस के सहयोग से गुप्त सूचना पर ललनजी के डेरा गांव में चिन्हित स्थल पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान आठ कॉर्टन में रखे 69.84 लीटर विदेशी शराब तथा एक देसी एकनाली बंदूक व एक जिंदा कारतूस के चार अपराधी पकड़े गए है। गिरफ्तार अपराधियों की शिनाख्त स्थानीय गांव के रतन सिंह का पुत्र रवि कुमार, ब्रह्मपुर के स्व. रामाशंकर गुप्ता का पुत्र अनिकेत कुमार उर्फ मनीष साह, भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के महुआर इंगलिश के सुरेन्द्र यादव के पुत्र प्रदुमन यादव तथा पश्चिम बंगाल के पश्चिमी वर्द्धमान जिले के नार्थ थाना क्षेत्र के आसनसोल आरके निवासी सुरेश यादव का पुत्र मुन्ना यादव शामिल है। मुन्ना फिलहाल ललनजी के डेरा में रह शराब तस्करी में सक्रिय था। गिरफ्तार अपराधियों में रवि और अनिकेत का अपराधिक इतिहास है। दोनों शराब तस्करी में जेल जा चुके है।

### होम डिलेवरी करने के लिए रखी गई थी शराब की खेप

एसपी ने बताया कि डुमरांव एसडीपीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि नये साल के पहले शराब तस्कर होम डिलेवरी करने के लिए ललन के डेरा में शराब की बड़ी खेप इकट्ठा किए हैं। इस सूचना पर डुमरांव डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी करवाई गई थी। जिसमें चार अपराधी पकड़े गए है। एसपी ने कहा कि नयें साल पर शराब तस्करों की सक्रियता को देखते हुए पुलिस विशेष अभियान चला रही है। उसी का परिणाम है कि होम डिलेवरी करने से पहले ही शराब की खेप के साथ चारों अपराधी पकड़े गए। छापेमारी टीम में ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, एसआई अभिषेक कुमार, एएसआई संजय शर्मा समेत पुलिस बल शामिल थे।

## एक नजर

### होमियोपैथिक संघ के जिला कार्यकारिणी की बैठक में नये साल में सम्मेलन का निर्णय

**डुमरांव।** शनिवार को बिहार राज्य होमियोपैथिक संघ जिला इकाई के कार्यकारिणी की विशेष बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बिहार राज्य होमियोपैथिक संघ के सचिव डॉ बी एल प्रवीण ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नये साल में संघ का एक वृहद सम्मेलन किया जाएगा। जिसमें जिले भर के अधिकांश चिकित्सक एवं दवा विक्रेताओं की सहभागिता होगी। वही अप्रैल में हैनिमैन जयन्ती को धूमधाम से मनाने के लिए अगली बैठक में ही तिथि तय की जाएगी। बैठक में होमियोपैथी के समक्ष आने वाली कठिनाईयों के ऊपर भी चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनीस अंसारी ने बताया कि इसके लिए आने वाले समय में पुख्ता रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक को संबोधित करने वालों में प्रमुख थे नसीर अंसारी, डॉ संतोष कुमार केसरी, हरेन्द्र सिंह, जिला सचिव डॉ कुलभूषण एवं कुमारी सुमन आदि थे।

### अपहृत बेटी की बरामदगी के लिए दर दर की ठोकरे खां रही मां, एसपी से लगाई गुहार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का अपहरण तीन महीना पहले किसी ने शादी की नियत से कर लिया है। इस मामले में किशोरी की मां तारकेश्वरी देवी ने नया भोजपुर ओपी थाने में 4 सितंबर को ही अपने बेटी के अपहरण का मामला दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस उसे आज तक खोज नहीं सकी है। अपनी बेटी की बरामदगी के लिए मां दर दर की ठोकरे खा रही है। इसी कड़ी में तारकेश्वरी ने अब डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज तथा बक्सर एसपी मनीष कुमार को आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है। वरीय पदाधिकारियों को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि उनके गांव के ही उर्मिला देवी की शादी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महदह गांव के सुरेन्द्र राम के साथ हुई थी। उर्मिला ने ही मेरी बेटी को बहला फुसलाकर घर से भगाया है। तारकेश्वरी ने आरोप लगाया है कि वह मेरी बेटी को ले जाकर कही बेच दी है।

### धान के बोझे में लगी आग, जलकर हुई राख

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एकौनी गांव में दस कट्ठा के बनिहारी में मिले धान के बोझे में आग लगने से जलकर राख हो गया। इस मामले में पीड़ित राजकुमार राम ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि वह मेहनत मजदूरी कर धान के बोझे को इकट्ठा किया था। वह अपने घर के दरवाजे पर रखा था। बीती रात करीब 10.30 बजे अज्ञात लोगों ने उस धान के बोझे में आग लगा दी। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

# नैनीजोर पुलिस ने सफेद बालू लदी दो ट्रैक्टर किया जब्त, चालक फरार

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

शनिवार को नैनीजोर पुलिस ने सफेद बालू लदी दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि दोनों वाहनों के चालक पुलिस को देख फरार हो गए। बाद में पुलिस किसी तरह दोनों वाहनों को लेकर थाना आई। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि नैनीजोर में सफेद बालू की तस्करी हो रही है। सूचना पर पुलिस टीम गश्त अभियान चला रही थी।

इसी दौरान नैनीजोर के संजीवन डेरा सड़क मार्ग के रास्ते सफेद बालू लदी दो ट्रैक्टर आते दिखाई दी। लेकिन पुलिस को देखकर दोनों के चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गये। बताते चलें कि नैनीजोर के साथ ही पूरे दियारा इलाके में सफेद बालू की



तस्करी इन दिनों चरम पर है। बालू तस्करों के लिए सफेद बालू सोना साबित हो रहा है। वही दियारा इलाके में पुलिस की उदासीनता से इस पर लगाम नहीं लग पा रहा है। थानाध्यक्ष फिरोज आलम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों वाहन के नंबर के आधार पर तस्करों की पहचान किया जा रहा है। वही एफआईआर दर्ज हो गया है। बालू तस्करों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

# धुएं के कारण पुराना भोजपुर के इंडियन बैंक का इमरजेंसी सायरन बजा, मची अफरातफरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार की देर रात पुराना भोजपुर चौक के पास स्थित इंडियन बैंक का इमरजेंसी सायरन अचानक बजने लगा। जिससे आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना नया भोजपुर ओपी पुलिस व डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी को दी। बैंक में किसी संभावित खतरे को भांप पुलिसकर्मी रात में ही दौड़े भागे पुराना भोजपुर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने पर भी सायरन बज रहा था। रात 10 बजे के करीब पुलिस टीम ने बैंक खुलवा उसकी तस्दीक की। लेकिन बैंक का कोना कोना छान मारने के बावजूद अंदर कुछ नहीं मिला। हालांकि बैंक के अंदर धुआं भरा हुआ था। इधर



बैंक क बाहर सड़क किनारे कुछ लोग आग जलाकर छोड़ दिए थे। इसी धुएं के कारण अगलगी के खतरे को भांप बैंक का इमरजेंसी सायरन सिस्टम ऐक्टिव हो गया था। बता दें कि बैंकों की सुरक्षा के लिए कई आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किया गया है जो अगलगी या लूटेरों के खतरों को भांप भी इमरजेंसी सायरन को ऐक्टिव कर सकता है। इस बात की तसल्ली होते ही पुलिस टीम वापस लौट आई। हालांकि इस घटना में पुलिस की तत्परता तथा बैंकों की तकनीकी रूप से मजबूत सुरक्षा व्यवस्था से स्थानीय गांव के ग्रामीण खुश दिखे।




## घर से बाहर निकलने पर शरीर को गर्म कपड़े से ढंके, बीमार पड़ने पर तत्काल डॉक्टर से करें संपर्क

# शीतलहर का प्रकोप... आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में शीतलहर का प्रकोप शुरू हो गया है। लगतार दूसरे दिन भी सूर्य के दर्शन नहीं हुए। पारा लगातार गिर रहा है। ऐसे में लोग शीतलहर की चपेट में आ बीमार पड़ सकते है। इसे देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा तथा उन्हें शीतलहर से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। जारी एडवाइजरी में शीतलहर पीड़ित व्यक्तियों के लक्षण व बचाव के उपाय बताए गए है।

**शीत लहर या ठंड लगने वाले व्यक्तियों के लक्षण लक्षणः** शरीर का ठंडा होना एवं अंगों का सुन्न पड़ना, अत्यधिक कपकपी या ठिठुरन, बार-बार जी मिचलाना या उल्टी होना एवं अर्द्ध बेहोशी की स्थिति अथवा बेहोश



होना। जैसे लक्षण शीतलहर के चपेट में आने वाले लोगों में देखा जाता है।

**शीत लहर या ठंड से बचाव के उपायः** अनावश्यक घर से बाहर नहीं निकले, घर के अंदर सुरक्षित रहें। विशेषकर वृद्ध एवं बच्चों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। यदि घर से बाहर जाना आवश्यक हो तो समुचित ऊनी एवं गर्म कपड़े पहन कर ही निकलें। बाहर निकलते समय अपने सिर, चेहरे, हाथ एवं पैर को भी उपर्युक्त गर्म कपड़ो से ढ़क लें। शरीर में उष्मा का प्रवाह बनाये रखने के लिए पौष्टिक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। कमरों में जलती हुई लालटेन, दीया एवं कोयले की अंगीठी का प्रयोग करते समय धुएँ के निकास का उचित प्रबंध करें। प्रयोग के बाद इन्हें अच्छी तरह से बुझा दें। हीटर, ब्लोअर आदि का प्रयोग करने के बाद स्विच ऑफ करना न भूलें। यह जानलेवा हो सकता है। उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के मरीज तथा हृदय रोगी चिकित्सक की सलाह जरूर लेते रहें तथा सामान्यतया धूप होने पर ही घर से बाहर निकलें। विशेष परिस्थिति में नजदीकी सरकारी अस्पताल से अविलंब चिकित्सकीय परामर्श ले।

### दूसरे दिन भी नहीं हुए सूर्य के दर्शन, घरों में दुबके लोग

**बक्सर।** शनिवार से शीतलहर का दंश और बढ़ गया है। अहले सुबह से ही बारिश की तरह कोहरा पड़ रहा था। वही हाड़ कपा देने वाली ठंडी पछिया हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। जिससे लोगों की परेशानी भी बढने लगी है। आलम यह था कि घर से बाहर निकलने पर हल्का फुहेरा का अनुभव हो रहा था। वहीं फर्श व वाहनों पर पानी की छोटी बुंदे बारिश की तरह दिखाई पड़ रही थी। शनिवार को जिले में न्युनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस एवं अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से ही कोहरा कायम रहा। वैसे कोहरा पिछले दिनों की अपेक्षा कम था।



# नये साल के मौके पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर, उपद्रव करना पड़ेगा भारी

♦ नशा करके ड्राइविंग व हुड़दंग करने वालों पर रहेगी विशेष नजर

**केटी न्यूज/चंदौली**

नए साल पर जनपद पुलिस ड्रंक-ड्राइविंग करने वालों से सख्ती से पेश आएगी। इसे लेकर पर्यटन स्थलों के आसपास व प्रमुख मार्गों पर नाके लगाए जाएंगे, जहां पुलिस की पैनी नजरें नशा करके ड्राइविंग व हुड़दंग करने वालों पर होगी। इसके पीछे नए जश्न पर आमजन की सुरक्षा व किसी भी तरह की अप्रिय घटना को टालने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था मुख्य उद्देश्य है। इस व्यवस्था को लागू करने के लिये पुलिस अधीक्षक डा.अनिल कुमार ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर पुलिस फोर्स का पर्याप्त इंतजाम भी किया है। नये साल के उल्लास को लेकर जनपद पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। जश्न में कोई खलल न पड़े सभी नागरिक सड़क से लेकर घर के अंदर तक सुरक्षित रहें और पूरे उल्लास और खुशी के साथ पुराने साल को विदा करते हुए नये साल 2024 का स्वागत करें।



इसके पुलिस अधीक्षक डा.अनिल कुमार ने जनपद वासियों की सुरक्षा के लिये विशेष इंतजाम किये हैं। नये साल की पूर्व संध्या से ही पुलिस शहर के अलग-अलग स्थानों पर बैरियर लगाकर चेकिंग करेगी, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व जश्न में विघ्न न डाल सके। कोई भी अगर नशे की हालत में मिला तो पुलिस उसका नशा उतारकर उसे दंडित करने का काम करेगी। जनपद पुलिस पहले से ही शराब तस्करों पर अपनी पैनी नजर जमाए हुए हैं। दिसंबर माह में अब तक कार्यवाही करते हुए करीब 7137 लीटर, अनुमानित कीमत 1 करोड़ 24 लाख की शराब बरामद कर चुकी है, जिसे अलग-अलग राज्यों और माध्यमों से लाकर अन्य राज्यों में ले जाकर नये साल के जश्न में खपाने की तैयारी शराब तस्करों द्वारा की गई थी। एसपी ने बताया कि तेज गति से वाहन दौड़ाना और स्टंटबाजी करने वालों पर पुलिस विशेष सख्ती बरतेगी। पुलिस इसके साथ ही पुराने व जेल से जमानत पर चल रहे अपराधियों पर भी विशेष नजर बनाए हुए है, ताकि किसी भी सूरत में कोई भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। डा. अनिल कुमार ने सभी जनपदवासियों को नये साल की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

कहा कि आपकी सुरक्षा को पुख्ता करना पुलिस का दायित्व है। व्यवस्था और चाक चौबंद रहे इसके लिये नये साल की पूर्व संध्या से ही बैरियर लगाकर चेकिंग करने का इंतजाम किया गया है, सभी व्यवस्था में आप सभी संभ्रांत नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है, जैसे कि पूर्व में आप द्वारा किया जाता रहा है। कोई भी किसी भी प्रकार से कानून का उल्लंघन न करें, सभी लोग पूरे उल्लास से नये साल का स्वागत करें।

## एक नजर

### सादगीपूर्वक मनी पूर्व विधायक की पुण्यतिथि

**बलिया।** कलेक्ट्रेट स्थित अधिवक्ता भवन में शनिवार की दोपहर पूर्व विधायक एवं अधिवक्ता शम्भूनाथ चौधरी की पुण्यतिथि सादगीपूर्वक तरीके से मनाई गई। इस मौके पर जेपी विचार मंच के संयोजक द्विजेंद्र मिश्र ने कहा कि शम्भूनाथ चौधरी सामाजिक न्याय आन्दोलन के युग पुरूष थे। कहा कि आज का राजनीतिक दौर नफरत और विद्वेश का दौर है। ऐसे में शम्भूनाथ चौधरी के विचारों को आत्मसात करते हुए नफरत के खिलाफ संघर्ष करने की जरूरत है। डॉ. विश्राम यादव उन्हें जन संघर्षों का नेता बताया। यशपाल सिंह ने कहा कि शम्भूनाथ चौधरी का भौतिक स्वरूप जितना छोटा था, उससे बहुत विशाल उनका व्यक्तित्व था। राजेन्द्र चौधरी एडवाकेट ने कहा कि उनका आन्दोलन जातीय भेद भाव एवं उस दौर में कायम सामन्तवाद के खिलाफ आन्दोलन था। जब जनता को शासन प्रशासन से न्याय नहीं मिलता था, तब वे एक अधिवक्ता के रूप में सरकार के समांतर , जनता कचहरी का आयोजन कर प्रदेश में चर्चा मे आए थे। उन्हें जूझारू तेवर एवं संघर्ष की शैली का नेता माना जाता था।

### खरवार सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**बलिया।** खरवार अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र जारी न किए जाने के विरोध में आदिवासी खरवार सेवा समिति के सदस्यों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जिक्र किया कि भारत सरकार द्वारा पारित अनुसूचित जातियां आदेश संशोधन अधिनियम 1976 के आलोक में उप्र शासन द्वारा 27 जुलाई 1977 से संपूर्ण उत्तर प्रदेश में निवासित खरवार जाति को अनुसूचित जाति घोषित किया गया था। जिसके अनुपालन में वर्ष 2001 तक बलिया जनपद के सभी तहसीलों से सुगमतापूर्वक नियमानुसार खरवार अनुसूचित जाति का जाति प्रमाणपत्र जारी होता रहा है। लेकिन उसके बाद से खरवार जाति को अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जा रहा है। जो कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। जाति प्रमाणपत्र जारी न होने पर इस जाति के लोग उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में आवेदन करने से वंचित रह जाएंगे। चेताया कि जल्द से जल्द अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र जारी करें, अन्यथा 2024 लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

### श्रमिकों के रोजगार हेतु सुनहरा अवसर

**मऊ।** सहायक श्रम आयुक्त प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के रोजगार के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इजराइल में सुरक्षित स्थान पर बिल्डिंग निर्माण से संबंधित कार्य करने वाले श्रमिक या राजमिस्त्री टाइल्स कारीगर, प्लास्टरिंग फ्रेमवर्क, शटरिंग कारीगर, आयरन बिल्डिंग आदि के कार्य हेतु भारत सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास कॉरपोरेशन के माध्यम से श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहे हैं। जिसमें इच्छुक श्रमिक अपनी योग्यता रखते हैं वह सूचनाओं के साथ श्रम विभाग के कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त कमरा संख्या 57 कलेक्ट्रेट जनपद मऊ में संपर्क कर सकते हैं। श्रमिकों की योग्यता में चारों प्रकार के कार्यों में से किसी एक कार्य में निपुण हो। श्रमिक का पासपोर्ट उपलब्ध हो, ऐसे श्रमिक जिसके पास पासपोर्ट उपलब्ध न हुआ तत्काल पासपोर्ट बनवा सकता है। श्रमिक को कम से कम एक वर्ष तथा अधिकतम पांच वर्ष की सेवा देना अनिवार्य है। श्रमिक को अंग्रेजी भाषा को समझने व बोलने का तथा पढ़ने का ज्ञान होना आवश्यक है। श्रमिक अथवा श्रमिक का परिवार पूर्व में कभी इजराइल में कार्य न किया हो। श्रमिकों को प्रतिमाह लगभग 125000 वेतन के रूप में दिया जाएगा। श्रमिकों को 15000 प्रतिमा बोनस फंड के रूप में भी दिया जाएगा जो कंपनी के खाते में जमा रहेगी जो कार्य समाप्ति पर वापस होगा।

### सीडीपीओ कार्यालय में मनाया कन्या जन्मोत्सव

**मऊ।** महिला कल्याण विभाग द्वारा बाल विकास परियोजना मऊ पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्चना राय महिला कल्याण अधिकारी ने केक काटकर किया। उन्होंने कहा कि बेटा बेटी दोनों को समान रूप से शिक्षा प्रदान करें तथा उनका ख्याल रखें और उनमें कोई भेदभाव न करें एवं बच्चियों की माताओं व परिजनों को बधाई व शुभकामनाएं दी और उन्होने सभी से बच्चियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुनहरे भविष्य की आशा की। जिला समन्वयक राखी राय ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिसके माध्यम से लोगों को कन्या भ्रूण हत्या व समाज की कुरीतियों को दूर करने आदि का प्रयास किया जा रहा है एवं महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला कल्याण विभाग निरन्तर प्रयासरत है।

### प्रशासन ने दिया 105 दिव्यांगों को कबंल

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत चक फातमा उर्फ बैरक गांव में स्थित सर्व समाज विकास मंच जनकल्याण विकलांग सेवा समिति के प्रादेशिक कार्यालय पर सैकड़ों दिव्यांग महिला व पुरुषों को सरकारी कंबल वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ,विशिष्ट अतिथि बीजेपी के वरिष्ठ नेता सवार्नंद उर्फ झुन्ना सिंह ने सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पूजन अर्चन करने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दिव्यांग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश राम ने आए हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि कड़ाके की ठंड काफी बढ़ गई है ठंड में बचने की जरूरत है। हमेशा अलाव तापते रहे बुजुर्ग और बच्चे को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनाएं, जरूरत ना हो तो यात्रा करने से बच्चे। विशिष्ट अतिथि बीजेपी के वरिष्ठ नेता सवार्नंद उर्फ झुंना सिंह ने कहा कि गाजीपुर जनपद में दिव्यांगों के लिए सर्व समाज विकास मंच जल कल्याण विकलांग सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश राम दिन रात एक करके दिव्यांगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का जो कार्यक्रम चला रखा है यह काफी गौरव का विषय है। दिव्यांगों को सरकार ने सीएम आवास ,शौचालय, कंबल, पेंशन योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए महत्त्व कांझी योजनाएं चला रखी है। बस इनको दिलाने के लिए क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ जी दिव्यांगों के लिए मुहिम चलाई है।

## खबरें फटाफट

### धारदार हथियार से युवक पर हमला

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा कोतवाली के जखनियां शिव मंदिर के पास बीती रात एक 25 वर्षीय युवक संदीप गोड़ को धारदार हथियार से अज्ञात लोगों ने हमला कर लहूलुहान कर दिया। परिजनों ने कोतवाली में सूचना दी। जिसमें पुलिस ने सीएचसी से सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मालूम हो की क्षेत्र के चौजा शिव मंदिर के पास रात्रि दस बजे सुनील गोड़ सब्जी की खरीदारी करने के बाद घर लौट रहा था। तभी अज्ञात लोगों ने पकड़कर शिव मंदिर ले गए। कहासुनी के बाद सुनील के सर पर धारदार हथियार से वार कर लहूलुहान स्थित में छोड़कर फरार हो गए। परिजनों ने कोतवाली ले गए। फिर पुलिस ने सीएचसी भेजा, हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया। कोतवाल तारावती ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

### प्रेमी जोड़े ने गंगा में लगायी छलांग

**चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के टांडाकला गंगा नदी पर बने पीपा पुल से शनिवार दोपहर को एक प्रेमी जोड़ा एक साथ गंगा में छलांग लगा दिया। मछली मार रहे नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए प्रेमी प्रेमिका को डूबने से बचा लिया और बाहर निकाल दिया। बाहर निकलते ही साथ बाइक से आये अन्य युवक के साथ दोनों भाग गये। मिली जानकारी के अनुसार एक बीस वर्षीय युवक और करीब अट्ठारह वर्षीय युवती गंगा में छलांग लगा दिए। गंगा में मछली मार रहे नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए गंगा में कूदे प्रेमी प्रेमिका को डूबने से बचाते हुए बाहर निकाला।

### शीतलहर से बचाव के लिए जारी हुआ निर्देश

**गाजीपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरूण कुमार सिंह ने जनपद के जनपवासियों से अपील किया है कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा शीतलहर एवं ठंड से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। ठंड से बचाव के लिए शरीर पर उपयुक्त ऊनी कपड़े पहने, बाहर निकलते समय सिर, चेहरे, हाथ एवं पैर को गर्म कपड़े से ढके, शरीर को गर्म रखने हेतु गर्म पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें, हीटर, ब्लोवर, कोयले की अंगीठी आदि चलाते वक्त थोड़ी खिड़की खोलकर रखें और सोने से पहले सभी हीटर, ब्लोवर, कोयले की अंगीठी इत्यादि को बन्द कर दें।

### योजनाएं बूथ लेवल तक जाएं : सिंह

**चंदौली।** भाजपा की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना विकसित संकल्प भारत मन की बात के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा एक नई योजना है और इसमें पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके पारंपरिक उत्पादों और सेवाओं को बढ़ाने में शुरू से अंत तक समग्र सहायता प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। जैसे कारीगरों और शिल्पकारों को विश्वकर्मा के रूप में मान्यता देना उनके कौशल को निखारने के लिए कौशल उन्नयन प्रदान करना और उनका विकास करना है।

## सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के मनिहरा और धरहरा में हुए हादसे से दहशत

# घना कोहरा के कारण सड़क हादसे में युवक की गई जान, दो की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/चंदौली**



कड़ाके की शीतलहर और कोहरा के कारण आये दिन मौत की घटना से लोगों में दहशत व्याप्त है। शुक्रवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग गांवों के समीप सड़क हादसों में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद पहुंची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी। वहीं घायलों को सकलडीहा सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया।

घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बलुआ थाना के देवाइतपुर गांव निवासी मेवा पांडेय के दो पुत्र आंशु पांडेय और कृष्णा पांडेय और दो पुत्री रेनु पांडेय और रूबी पांडेय है। आंशु पांडेय और कृष्णा पांडेय दोनों बंगलौर में ग्रेनाईट कंपनी में काम करते हैं। एक सप्ताह पूर्व अपने गांव दोनों भाई आये हुए थे। शुक्रवार को सुबह 32 वर्षीय आंशु पांडेय अपने चचेरे भाई चंदन पांडेय के साथ ईटवा गांव में किसी से मिलने के लिये आये हुए थे। शाम को सात बजे करीब घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि मनिहरा गांव के समीप सामने से आ रही पिकअप की जोरदार टक्कर से आंशु पांडेय व चंदन पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को कोतवाली पैंथर पुलिस सकलडीहा सीएचसी लाया। जहां आंशु पांडेय को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल चंदन पांडेय को प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों के साथ घर भेज दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं दूसरी ओर धरहरा में पिकअप और ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर हो गयी। जिसमें पिकअप चालक वाराणसी के फूलपुर बचौरा गांव निवासी 35 वर्षीय विजय कुमार गंभीर रूप से घायल होगया। जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पीएम के लिये भेज दिया गया है। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया जायेगा। मृतक आंशु पांडेय अपने भाई कृष्णा के साथ नये साल पर अयोध्या भगवान राम के दर्शन पूजन के लिये घर आया हुआ था। क्या पता कि परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट जायेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की ससुराल में हुई मौत

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के जफरपुर गांव में उस वक्त कोहराम मच गया जब छह माह से ससुराल में रह रहे युवक की अर्थी घर पर आई। शव आने पर परिजन रोने बिलखने लगे और ससुराल के लोगों पर ही हत्या के आरोप लगाते हुए दुल्लहपुर पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजेश राजभर (28) पुत्र भाना राजभर जफरपुर निवासी की शादी 22 जून 2022 को मौधिया थाना क्षेत्र के कर्मदेवपुर में हुई थी। शादी के कुछ दिन पूर्व पति-पत्नी की अनबन होने लगी थी। दोनों के बीच समझौता कराने का प्रयास दोनों की परिवार के लोगों ने किया थ। पंचायत भी हुई थी। परंतु बात नहीं बन पायी थी। आखिरकार पत्नी सोनी देवी सारा सामान लेकर अपने मायके चली गई। मायके आने के बाद भी परिवार के सदस्यों ने समझाने का प्रयास किया था। अंत में फिर मृतक राजेश राजभर भी अपने ससुराल आकर पत्नी के साथ रहने लगा था।परिजनों ने बताया कि ससुराल में राजेश को रात सोते वक्त पेट में दर्द होने के बाद लोगों ने अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ससुराल वालों ने जैसे ही मृतक शव घर पर ले आए की परिजन आग बबूला हो गए और हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचित किया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही राजेश को परेशान किया जाता रहा था। उसकी पत्नी उसे लगातार परेशान कर रही थी। वह उसके साथ नहीं रहना चाहती थी। इसी कारण उसके साथ कुछ किया गया है। परिजनों ने जांच किये जाने की मांग है। ताकि सारी सच्चाई सामने आ जाए। वहीं थाना अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि मृतक के पिता भाना राजभर के तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।

## प्रशासन के मनमाने पूर्ण रवैया के खिलाफ टैंकर चालकों का प्रदर्शन



**केटी न्यूज/ चंदौली**

शासन द्वारा वाहन चलाते समय दुर्घटना होने पर चालकों के भागने पर 10 वर्ष की सजा व 5 लाख जुर्माना लगाए जाने के खिलाफ टैंकर चालकों ने तीनों पेट्रोलियम डिपो का कामकाज ठक्कर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। चेताया कि जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होगी हम लोग काम पर नहीं लौटेंगे। ऑल इंडिया मोटर्स एसोसिएशन व यूपी मोटर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के आह्वान पर चालकों द्वारा नए कानून बनाए जाने के खिलाफ जगह-जगह चालक हड़ताल कर विरोध दर्ज कर रहे हैं। टैंकर यूनियन संघ के अध्यक्ष इस्तेखार अहमद के नेतृत्व में इंडियन आयल, भारत पैट्रोलियम व हिंदुस्तान पेट्रोलियम के टैंकर चालकों ने कामकाज ठप कर नए कानून को वापस लेने की मांग पर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। चेताया कि जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं की जाएगी हम लोग कम पर वापस लौटेंगे।

## सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से महिला सबल हो चुकी हैं : कृष्णबिहारी

♦ पीएम मोदी समाज के सर्वांगीण विकास में तत्पर

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




विकास खंड सदर के ग्राम पंचायत हुसेनपुर के ग्राम प्रधान वेदप्रकाश तिवारी तथा देवकली के ग्राम प्रधान महेंद्र यादव की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम हुसेनपुर और देवकली ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण का जो काम विगत नौ वर्षों में शुरू किया गया। उसका परिणाम अब दिखाई भी देने लगा है। नारी अब राशन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से अबला नही, बल्कि सबल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकसित बनाने के लिए समाज के समृद्धी तथा देश के विकास की जो प्रक्रिया प्रारंभ किया है।

वह समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समृद्ध तथा देश के सर्वांगीण विकास को मजबूत कर रहा है और कहा की समाज में अभाव व अंतिम पायदान पर रहने वाला हर व्यक्ति गरीब, अन्नदाता किसान, मातृशक्ति महिलाओं तथा देश का भविष्य नौजवान अगर मजबूत हो जाएगा तो देश स्वावलंबी और विकसित हो जाएगा। इस अवसर पर अन्नप्राशन संस्कार तथा गोदभराई की रस्म की गई।

## विजयी खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन कर प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

# जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

जिला युवा कल्याण एवं प्रावि दल अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि ग्रामीण लीग के अन्तर्गत जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन 29 व 30 दिसंबर 2023 को नेहरू स्टेडियम, गोराबाजार गाजीपुर के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन सरिता अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष गाजीपुर के करकमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। खेल का संचालन सुरेन्द्र जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी द्वारा किया गया। एथलेटिक्स, वालीबाल, कबड्डी, कुश्ती विधा में सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। विजयी खिलाड़ियों को प्रणाण-पत्र एवं पुरस्कार का वितरण अध्यक्ष द्वारा देकर सम्मानित किया गया।



कबड्डी सब-जूनियर बालक वर्ग में मुहम्मदाबाद प्रथम सदर द्वितीय वहीं बालिका वर्ग में कासिमाबाद प्रथम व मुहम्मदाबाद द्वितीय रही। वॉलीबाल सीनियर में भांवरकोल ने बाजी मारी। सीनियर वर्ग बालिका में भदौरा प्रथम रही।

सब-जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में मोहित प्रसाद रेवतीपुर प्रथम, 800 मीटर दौड़ में अनिल विन्द कासिमबाद प्रथम, जूनियर बालक वर्ग 100 मी० दौड़ में सत्यानंद कुमार करण्डा प्रथम, 200 मी0 में अखिलेश यादव करण्डा प्रथम, 400 मी० में आदित्य सिंह करण्डा प्रथम, 1500मी0 में पवन राजभर रेवतीपुर प्रथम, सीनियर बालक वर्ग 100 मी0 में सिद्धार्थ राजपूत देवकली प्रथम, 200 मी० में सुरेन्द्र यादव बाराचवर प्रथम, 400 मी0 में रियासत अंसारी मनिहारी प्रथम, 1500 मी० में मोहन यादव करण्डा प्रथम, सब जूनियर बालिका वर्ग 100 मी० दौड़ में प्रिती कुमारी रेवतीपुर प्रथम, 800 मी0 में आरती यादव रेवतीपुर प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग 100 मी० में सुमन विन्द कासिमाबाद प्रथम, 400 मी0 दौड़ में अन्नू मुहम्मदाबाद प्रथम, सीनियर बालिका वर्ग 100 में नीलू विश्वकर्मा सादात प्रथम रही।

दाँत का अस्पताल

शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक

AN ISO certified Clinic 9001 : 2015

पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव

मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286

E mail id - kundan95702@gmail.com

दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी

डा. हिमांशु पाण्डेय

सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक

शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक